4061(E)
17/6/26

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 16.06.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सहरसा के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Mahua Bazar to Gwalpara via Baletha, Basnahi Road from Ch.:-0+000 to 9+103 (Total Length-9.103 Km.) कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–500(अनु०) दिनांक–19.03.2026 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–14.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Mahua Bazar to Gwalpara via Baletha, Basnahi Road from Ch.:-0+000 to 9+103 (Total Length-9.103 Km.) |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सहरसा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3944.59 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6578(s) दिनांक–23.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3550.90 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–530(अनु०) दिनांक–10.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹3508.68285 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 11 (Eleven) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 09.01.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 04 (चार) अदद यथाः– |

(i) Baba Hans Construction Pvt. Ltd.
(ii) M/s Pratayaksha Construction Pvt. Ltd.
(iii) M/s MKIVPL-AE (JV)
(iv) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.11 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–463 दिनांक–14.03.2026 |
| 2.12 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बार आमंत्रित निविदा जिसका NIT No. क्रमशः 03/RCD/Saharsa/2025-26, 05/RCD/Saharsa /2025-26 एवं 07/RCD/Saharsa/2025-26 हैं तथा PR No.-010738(RD)2025-26, 015881(RD) 2025-26 एवं 017659(RD)2025-26 हैं, में किसी निविदाकार के भाग नहीं लेने के फलस्वरूप कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सहरसा द्वारा कार्यालय आदेश संख्या–23 दिनांक–22.09.2025, 28 दिनांक–24.10.2025 एवं 38 दिनांक–12.12.2025 से निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित की गयी है। |

## 3. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–

3.1 अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, सहरसा के पत्रांक–149(अनु०) दिनांक–30.01.2026 से उक्त निविदा का तकनीकी बीड प्राप्त हुआ है।

3.2 विषयांकित कार्य के निविदा में 04 (चार) निविदाकारों यथा (1) Baba Hans Construction Pvt. Ltd. (2) M/s Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. (3) M/s MKIVPL-AE (JV) एवं (4) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. द्वारा भाग लिया गया हैं।

3.3 सभी निविदाकारों यथा (1) Baba Hans Construction Pvt. Ltd. (2) M/s Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. (3) M/s MKIVPL-AE (JV) एवं (4) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. द्वारा अग्रधन की राशि BG के रूप में निविदा के साथ अपलोड की गयी, जिसका सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सहरसा द्वारा कराया गया है।

3.4 सभी निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ अपलोड किये गये कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सहरसा द्वारा संबंधित कार्यालय से करा लिया गया है।

3.5 निविदाकार Baba Hans Construction Pvt. Ltd. द्वारा Existing Commitment के तहत् उल्लेखित कुल 14 कार्यों में से 01 (एक) कार्य का Engineer-in-Charge से प्रतिहस्क्षारित अभिलेख निविदा के साथ अपलोड नहीं किया गया है। साथ ही वाँछित 14m Length of Bridge से संबंधित वैद्य अभिलेख निविदा के साथ अपलोड नहीं किया गया हैं।

अतः निविदाकार Baba Hans Construction Pvt. Ltd. के SBD के ITB-Cl.4.7 एवं SBD Section-2 Qualification Information की कंडिका–1.4(A) एवं SBD के ITB-Cl.4.5A(c) के तहत् वाँछित अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल पाए गए हैं।

3.6 निविदाकार M/s Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. द्वारा Existing Commitment के तहत् उल्लेखित कुल 08 (आठ) कार्यों में से 02 (दो) कार्यों का Engineer-in-Charge से प्रतिहस्ताक्षरित अभिलेख निविदा के साथ अपलोड नहीं किया गया है।

अतः निविदाकार M/s Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. द्वारा SBD के ITB-Cl.4.7 तथा SBD के Qualification Information की कंडिका–1.4(A) के कॉलम–7 में वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता प्राप्त नही कर पाने के कारण तकनीकी बीड में असफल पाए गए है।

3.7 निविदाकार M/s MKIVPL-AE (JV) द्वारा Joint Venture के रूप में निविदा दी गयी है। Joint Venture के Lead Partner MK Infrabuild Venture India Pvt. Ltd. द्वारा Existing Commitment के तहत् उल्लेखित कुल 13 (तेरह) कार्यों में से 03 (तीन) कार्यों का Engineer-in-Charge से प्रतिहस्ताक्षरित अभिलेख निविदा के साथ अपलोड नहीं किया गया है। साथ ही JV Partner Aditya Enterprises द्वारा वाँछित Length of Bridge से संबंधित वैद्य अभिलेख निविदा के साथ अपलोड नहीं किया गया है।

उपरोक्त के अलावा JV के रूप में पिछले पाँच वर्षों में किसी एक वित्तीय वर्ष में Foundation Pilling of Bridge कार्य मद में वाँछित मात्रा से संबंधित वैद्य अभिलेख निविदा के साथ अपलोड नहीं है।

अतः निविदाकार M/s MKIVPL-AE (JV) द्वारा SBD के ITB-Cl.4.7, SBD के Qualification Information की कंडिका–1.4(A) के कॉलम–7 तथा SBD के ITB-Cl.4.5A(c) के तहत् वाँछित अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल पाए गए है।

3.8 उपरोक्त 04 (चार) निविदाकारों में से 01 (एक) निविदाकार यथा (1) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल पाये गये है।

3.9 विभागीय पत्रांक–6228(s) दिनांक–30.12.2021 से प्राप्त निदेश के आलोक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदा के तीन निविदाकार यथा (1) Baba Hans Construction Pvt. Ltd. (2) M/s Pratayaksha Construction Pvt. Ltd. एवं (3) M/s MKIVPL-AE (JV) को SBD आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल तथा शेष एक मात्र निविदाकार M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. को SBD आधारित निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

3.10 तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त् वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नवत् निर्णय लिया जाता है:–

(i) चूँकि विषयगत् निविदा पुनर्निविदा है एवं तकनीकी बीड के मूल्यांकन के पश्चात् वित्तीय बीड के मूल्यांकन हेतु एक मात्र निविदाकार शेष रह जाते है, अतः विभागीय पत्रांक–3162(एस०) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में विभागीय आदेश–141 दिनांक–28.10.2021–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस०) दिनांक–28.10.2021 के अनुसार तकनीकी बीड अपलोड होने के बाद निर्धारित दो दिनों की अवधि में इस निविदा में शामिल किसी भी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एक स्तर ऊपर के प्राधिकार अर्थात् विभागीय निविदा समिति के अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त् ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

4.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–500(अनु०) दिनांक–19.03.2026 से प्राप्त दिनांक–14.03.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

4.2 पथ प्रमंडल, सहरसा के अन्तर्गत **Widening & Strengthening of Mahua Bazar to Gwalpara via Baletha, Basnahi Road from Ch.:-0+000 to 9+103 (Total Length-9.103 Km.)** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में प्राप्त चार निविदाकारों में से तीन निविदाकारों यथा **(1) Baba Hans Construction Pvt. Ltd.** के **SBD** के **ITB-Cl.4.7** एवं **SBD Section-2 Qualification Information** की कंडिका–**1.4(A)** एवं **SBD** के **ITB-Cl.4.5A(c) (2) M/s Pratayaksha Construction Pvt. Ltd.** द्वारा **SBD** के **ITB-Cl.4.7** तथा **SBD** के **Qualification Information** की कंडिका–**1.4(A)** के कॉलम–**7** एवं **(3) M/s MKIVPL-AE (JV)** द्वारा **SBD** के **ITB-Cl.4.7, SBD** के **Qualification Information** की कंडिका–**1.4(A)** के कॉलम–**7** तथा **SBD** के **ITB-Cl.4.5A(c)** के तहत् **SBD** आधारित निविदा की वाँछित अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल तथा शेष एक निविदाकार यथा **M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd.** द्वारा **SBD** आधारित निविदा की वाँछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–**163(3)** के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है।

4.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमाचंल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–21/2026 4061(E) पटना, दिनांक 17/6/26

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।